<u>समक्ष महानिबन्धक, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।</u>

<u>शपथ–पत्र</u>

मैं, **कविता मिश्रा, (UP 06229)** विशेष न्यायाधीश, सी0बी0आई0, कोर्ट नं0–1/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लखनऊ आयु लगभग 51 वर्ष पत्नी श्री प्रमोद कुमार मिश्रा, स्थाई निवासी तारामण्डल रोड, गोरखपुर, शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि :–

(1) यह कि शपथनी वर्तमान समय में विशेष न्यायाधीश, सी0बी0आई0, कोर्ट नं0–1/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लखनऊ के पद पर दिनांक 12–04–2021 से तैनात् है।

(2) यह कि शपथनी के पिता श्री कृष्ण नाथ शुक्ला, ब्लड कैंसर से पीड़ित है, जिनका निरन्तर इलाज लखनऊ स्थित मेदान्ता हॉस्पिटल से चल रहा है तथा उक्त बीमारी के कारण उनकी प्रतिमाह कीमोथेरेपी मेदान्ता हॉस्पिटल में की जाती है।

(3) यह कि शपथनी के पिता की आयु 80 वर्ष है तथा शपथनी के पिता बीमारी व उनके चल रहे इलाज के कारण शपथनी के साथ ही निवास करते हैं।

(4) यह कि शपथनी के पिता का उक्त बीमारी के कारण पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार इलाज चल रहा है और डॉक्टर की सलाह के अनुसार इस इलाज की प्रक्रिया लम्बे समय तक जारी रहने की सम्भावना है।

(5) यह कि शपथनी का इस वर्ष 2024 में नियमित वार्षिक स्थानान्तरण प्रस्तावित है।

(6) यह कि शपथनी के इस वर्ष वार्षिक स्थानान्तरण हो जाने की स्थिति में शपथनी के पिता के इलाज में काफी असुविधा व कठिनाई होगी, क्योंकि शपथनी को नई तैनाती स्थान से बार–बार लखनऊ आना पड़ेगा।

(7) यह कि शपथनी का प्रस्तावित वार्षिक स्थानान्तरण एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया जाता है तो शपथनी के पिता के इलाज में सुगमता होगी।

स्थान– लखनऊ
दिनांकः 22–02–2024

Kavita Mishra
शपथनी

<u>सत्यापन</u>

मैं शपथी उपरोक्त सत्यापित करती हूँ कि शपथपत्र की धारा 1 लगायत 7 मेरे निजी ज्ञान में सही है और कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

स्थान– लखनऊ
दिनांकः 22–02–2024

Kavita Mishra
शपथनी